रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05 REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 28—फरवरी 3, 2017 (माघ 8, 1938)

No. 4] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 28—FEBRUARY 3, 2017 (MAGHA 8, 1938)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	27
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	93
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	109
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	159
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	5
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	107
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	27
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	93
PART I—SECTION 3—Notifications relating to resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	109
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	159
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	5
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	107
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I— खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 19 जनवरी 2017

सं. 3-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. मशकूर अहमद, उप पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
2. फिरोज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. विनोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. इम्तियाज मोहम्मद, हेड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27/28 दिसम्बर, 2012 को एक विशिष्ट सूचना मिलने पर गांव चांदगाम पुलवामा में पुलिस, सीआरपीएफ की 182वीं बटालियन और 55 आरआर द्वारा एक संयुक्त अभियान आरंभ किया गया। तलाशी अभियान के दौरान बसीर अहमद कार पुत्र गुलाम अहमद कार निवासी चांदगाम पुलवामा के घर में दो आतंकवादियों के होने की पुष्टि की गई। पहले घटनाक्रम में, उक्त मोहल्ले के चारों ओर घेरा कड़ा किया गया और सभी सिविलियनों को लक्षित मकान के साथ-साथ मोहल्ले से बाहर निकाला गया। घर में छिपे आतंकवादियों से पूरी रात बार-बार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसको उन्होंने अनदेखा कर दिया। अगले दिन सुबह के समय आतंकवादियों को फिर से आत्म-समर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया और इसके बदले उन्होंने अभियान दल की ओर दो ग्रेनेड फेंके और अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। आत्म-रक्षा में जवाबी गोलीबारी की गई और आतंकवादियों तथा सुरक्षा बलों के बीच अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ हो गई जो लगभग 15 घंटे तक चली। गोलीबारी के दौरान पुलिस कैंप पुलवामा की नफरी के निकट एक ग्रेनेड फटा, जिससे वे बाल-बाल बचे। अचानक एक आतंकवादी घेरा तोड़ने और मुठभेड़ स्थल से बच निकलने के इरादे से अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए उक्त मकान से बाहर निकला। तथापि, सैन्य दलों ने प्रभावी रुप से गोलीबारी का जवाब दिया और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया।

दूसरे आतंकवादी के साथ गोलीबारी जारी रही और लगभग 1130 बजे मकान के अंदर से गोलीबारी बंद हो गई। सैन्य दलों और पुलिस दल ने कुछ देर तक इंतजार किया और उक्त मकान की तलाशी लेने के लिए 182 सीआरपीएफ सहित एसओजी पुलवामा और 55 आरआर का एक संयुक्त दल बनाया गया और फर्श पर एक आतंकवादी को मरा हुआ पाया। अंधाधुंध गोलीबारी के दौरान, पुलिस कैंप पुलवामा के हेड कांस्टेबल इम्तियाज मोहम्मद और 55 आरआर के सेना के अधिकारी नामत: तन्मय रथ आईसी-68311 एम और कैप्टन कपिल मामराज सिंह आईसी-69487 के घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए श्रीनगर भेजा गया। सम्पूर्ण अभियान में एसओजी श्रीनगर के सहायक उप-निरीक्षक विनोद कुमार और हेड कांस्टेबल इम्तियाज मोहम्मद सं. 797/एपी 14वीं बटालियन के साथ मशकूर अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) पुलवामा और फिरोज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) ने दक्षता और कर्मठता के साथ दल का नेतृत्व और पर्यवेक्षण किया, जिसके परिणामस्वरुप अभियान सफल रहा।

की गई बरामदगी:

i)	एके-47 राइफल	-02
ii)	एके-47 मैगजीन	-03
iii)	एके राउंड	-37
iv)	पिस्तौल (चीन में निर्मित)	-01
v)	पिस्तौल की मैगजीन	-01
vi)	राउंड(.32 चीन में निर्मित पिस्तौल)	-03
vii)	पाउच	-02
viii)	बेब बेल्ट	-01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मशकूर अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, फिरोज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, विनोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक और इम्तियाज मोहम्मद, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.12.2012 से दिया जाएगा।

अ. राय
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 4-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. हरि प्रसाद साह,
   उप निरीक्षक
2. परमानंद पासवान,
   सहायक उप निरीक्षक
3. आनन्द किशोर ओस्गा,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31.03.2006 को 8:30 बजे कुटकु गांव में विभिन्न हथियारों से लैस झारखंड-छत्तीसगढ़ के एम.सी.सी. उग्रवादियों के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त होते ही उप निरीक्षक हरि प्रसाद साह, पुलिस थाना भंडरिया ने तत्काल यह सूचना दिनांक 31.03.2006 की एस.डी. सं. 458 के तहत स्टेशन डायरी में दर्ज की और उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। तत्पश्चात् प्रभारी अधिकारी सहायक उप निरीक्षक परमानंद पासवान, कांस्टेबल आनन्द किशोर ओस्गा तथा पुलिस थाने में उपलब्ध केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों के साथ 9 बजे कुटकु गांव के लिए रवाना हुए।

कुटकु गांव के पश्चिम में हरैया नदी के निकट पहुंचते ही दल ने अपना वाहन वहीं छोड़ दिया तथा पुलिस दल दो भागों में बंट गया। एक दल का नेतृत्व प्रभारी अधिकारी उप निरीक्षक हरि प्रसाद साह तथा दूसरे दल का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक परमानंद पासवान कर रहे थे। पुलिस दल कुटकु गांव के पश्चिम ओर स्थित मकान के निकट पहुंचा जहां उग्रवादियों (एम.एम.सी.) ने पुलिस दल का सफाया करने की अपनी स्पष्ट मंशा के साथ अंधाधंधु गोलियां चलानी शुरू कर दी जिससे पुलिस दल के कार्मिकों की जान को खतरा हो गया। उप निरीक्षक साह ने उन सभी को खतरनाक स्थिति में पाया जहां अपनी तथा पुलिस दल के सदस्यों की जान बचाने तथा हथियारों/गोलाबारूद की रक्षा करने के लिए गोली चलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। उप निरीक्षक साह ने पुलिस दल को पोजिशन लेने तथा गोलियां चलाने का आदेश दिया। वे स्वयं हवलदार प्यारे लाल के साथ उग्रवादियों की ओर बढ़ने लगे, पोजिशन ली और एके-47 से गोलियां चलाने लगे जो कुछ उग्रवादियों को लगीं तथा वे गिर पड़े। लगभग 25-30 की संख्या में उग्रवादी इमली के पेड़ के समीप जमा हो गए जहां से उन्होंने पुलिस दल पर रूक-रूक कर गोलीबारी करना जारी रखा। इसी बीच उन्होंने सहायक उप निरीक्षक परमानंद पासवान के नेतृत्व वाले दूसरे पुलिस दल को वायरलेस पर उग्रवादियों की तरफ बढ़ने का निर्देश दिया। वे स्वयं कांस्टेबल विष्णु पाटिल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और कांस्टेबल आनन्द किशोर ओस्गा के साथ आगे बढ़े जिसके परिणामस्वरूप जान को जोखिम में डालकर वे अंधाधुंध

गोलीबारी के बीच एक उग्रवादी को पकड़ने में सफल हो गए जो पुलिस की वर्दी में था। दूसरी तरफ सहायक उप निरीक्षक परमानंद पासवान ने हवलदार यशपाल सिंह और हवलदार गुलाब चंद के साथ मिलकर निर्भीकता और साहस का परिचय दिया। वे पुलिस वर्दी में थे और अपनी राइफल से गोलियां चला रहे थे। बाद में गिरफ्तार उग्रवादियों ने पूछताछ में अपनी पहचान का खुलासा कोथली पुलिस थाना, शंकरगढ़, जिला-सरगुजा, छत्तीसगढ़ के सुरेन्द्र भूईहार पुत्र लक्ष्मण भूईहार तथा पाठल गांव शांति नगर, पुलिस थाना पाठल गांव, जिला छत्तीसगढ़ के गोविन्द बंजारी पुत्र अर्जुन बंजारी के रूप में किया। पुलिस दल का नेतृत्व कर रहे उप निरीक्षक हरि प्रसाद साह और सहायक उप निरीक्षक परमानंद पासवान, दोनों बेहद कर्मठ और निर्भीक थे। उन्होंने उग्रवादियों का पीछा करने में पुलिस दल का नेतृत्व किया तथा गोलीबारी एवं दोनों ओर से हो रही गोलीबारी पर पकड़ बनाई और चल रही गोलीबारी की आड़ लेकर उग्रवादी बचकर जंगल की तरफ भागने लगे। इसके बाद वे पहाड़ी के ऊपर चढ़ गए और पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे। चूंकि उन्होंने पहाड़ी पर पोजिशन ले रखी थी इसलिए पुलिस की गोलीबारी का उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा था। कोई रास्ता न सुझने पर हरि प्रसाद साह ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के बहादुर सिंह को एक एच.ई. बम फेंकने का आदेश दिया जिसके कारण उग्रवादी डर गए और घने जंगल की ओर भाग निकले। उनका पीछा किया गया और उनकी खोज की गई लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। लौटते समय पुलिस दल ने रास्ते पर खून के कुछ धब्बे तथा किसी व्यक्ति को खींचे जाने के निशान देखे और यह समझा गया कि उग्रवादी अपने साथ कुछ घायल उग्रवादियों को लेकर गए हैं।

तत्पश्चात अभियान-क्षेत्र की पूरी तरह तलाशी लिए जाने पर अनिल करकेट्टा नामक एक ग्रामीण के मकान के निकट एक उग्रवादी का शव पाया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों द्वारा मृतक की पहचान घुघरी, पुलिस थाना शंकरगढ़, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़ के परसोन तुरिया के रूप में की गई। मृतक परसोन तुरिया की तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर की एक सामान्य राइफल, कारतूसों भरी हुई मैगजीन, कमर पर 315 बोर के 75 जिंदा कारतूसों से युक्त काले रंग का एक विंडोलिया बाउंड पाया गया। गिरफ्तार किए गए सुरेन्द्र भूईहार के पास से मैगजीन के साथ पुलिस की 303 बोर की राइफल सं. टीडी 3527, कमर पर 303 बोर के 68 जिंदा कारतूसों से युक्त एक विंडोलिया बाउंड, राइफल की मैगजीन में भरे 303 बोर के 02 कारतूस, कमर से कारतूस से भरी 315 बोर की देशी पिस्तौल पाई गई। गोविन्द बंजारी से भरी मैगजीन सहित राइफल सं 04-4420 वाली 315 बोर की एक सामान्य राइफल, कमर पर 315 बोर के 64 जिंदा कारतूसों से युक्त एक विंडोलिया बाउंड पाया गया। अभियान-क्षेत्र की तलाशी के दौरान अन्य हथियार/गोलाबारूद और वस्तुओं सहित 01 मैगजीन सहित 315 बोर की देशी राइफल, 02. 7.62 मिमी. के 102 जिंदा कारतूसों सहित 4 विंडोलिया, 03. 202 बोर के 23 जिंदा कारतूस, 04. 315 बोर के 70 जिंदा कारतूस, 05. उग्रवादियों के रोजाना इस्तेमाल की वस्तुओं सहित 12 बैंक हैंगर बैग पाए गए। अभियान क्षेत्र में पाए गए हथियार/गोलाबारूद और अन्य वस्तुएं पुलिस द्वारा जब्त कर ली गईं। पुलिस दल बरामद शवों और जब्त सामग्रियों के साथ सुरक्षित पुलिस थाना पहुंचा तथा उसने एक प्राथमिकी दर्ज की।

उपर्युक्त तथ्यों एवं कई घंटों (अपराह्न 12:30 बजे से 18.00 बजे तक) तक चली इस न भूलने वाली मुठभेड के प्रत्येक क्षण बदलती परिस्थितियों का निचोड़ यह है कि नामोदिष्ट व्यक्तियों ने ड्यूटी के प्रति अगाध समर्पण के साथ साहस की अनूठी भावना प्रदर्शित की। उप निरीक्षक साह समय पर कार्रवाई करते हुए बल के साथ घटना-स्थल पर पहुंचे और पूरे जीवट और धैर्य के साथ नाजुक स्थिति का सामना किया। उनका कार्य-निष्पादन असाधारण रूप से शानदार, जबरदस्त शौर्यपूर्ण और उत्कृष्ट था। इस कार्य में सहायक उप निरीक्षक परमानन्द पासवान, जो पुलिस दल का नेतृत्व कर रहे थे, तथा कांस्टेबल आनन्द किशोर ओस्गा ने भी उनको सक्रिय रूप से सहयोग दिया। यह मुठभेड़ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के साथ-साथ गढ़वा जिला पुलिस के सहयोग से सफल रही।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री हरि प्रसाद साह, उप निरीक्षक, परमानंद पासवान, सहायक उप निरीक्षक एवं आनन्द किशोर ओस्गा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.03.2006 से दिया जाएगा।

अ. राय
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 5-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अश्विनी कुमार सिन्हा,
   उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी

2. प्रवीण कुमार झा,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.04.2010 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 134वीं बटलियन की दो टुकड़ियों, जिनका नेतृत्व उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी बरवाडीह श्री अश्विनी कुमार सिन्हा कर रहे थे तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निरीक्षक/सामान्य ड्यूटी रूप चन्द के सहयोग और लातेहर जिला पुलिस के एक संयुक्त अभियान के माध्यम से एक उत्कृष्ट कार्य को अंजाम दिया गया। दिनांक 27.04.2010 को उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी बरवाडीह श्री अश्विनी कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक पुलिस दल, जिसमें ओ सी गारू उप निरीक्षक सियाशरण प्रसाद, बरवाडीह उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी के अंगरक्षक/आरक्षित गार्ड, सीआई/जीडी रूप चंद भारद्वाज, एसटी/जीडी वेद सिंह, 134वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 सशस्त्र कांस्टेबल शामिल थे, गारू पुलिस थाने से रात्रि में गश्त लगाने के लिए निकले। जब यह पुलिस दल रात्रि 07:45 बजे गांव लाडी पहुंचा, तब सीपीआई माओवादियों के दल ने पुलिस दल पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। सीपीआई माओवादियों के इस दल ने लाडी के कामेश्वर सिंह नामक एक व्यक्ति के मकान के निकट पहले से पोजीशन ले रखी थी और इसने दक्षिण-पश्चिम दिशा से आ रहे पुलिस दल पर जबरदस्त गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने उपलब्ध मोर्चों पर आड़ लेकर तत्काल पोजीशन ली तथा उग्रवादियों के दल को चेताया कि "गोलियां चलाना रोको, हमारे सामने आत्मसमर्पण करो, हम पुलिस के लोग हैं"। लेकिन माओवादियों पर इस चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने ऐसा करने के बजाय अपनी गोलीबारी तेज कर दी। अपनी जान और हथियार को सुरक्षित रखने का कोई विकल्प न पाकर पुलिस दल ने जवाबी गोलीबारी आरंभ कर दी। उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी बरवाडीह श्री अश्विनी कुमार सिन्हा ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और उत्कृष्ट शौर्य, समझ और धैर्य का प्रदर्शन किया। इस कार्य में उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी का कांस्टेबल प्रवीण कुमार झा ने बड़ी बहादुरी के साथ भली भांति सहयोग किया। रात्रि होने के कारण चारों ओर घना अंधेरा था। इस विषम और कठिन परिस्थिति में पुलिस दल ने उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी बरवाडीह श्री अश्विनी कुमार सिन्हा के साहसिक एवं प्रेरणादायी नेतृत्व में लगभग एक घंटे तक उग्रवादियों से लोहा लिया। अपनी निश्चित हार का आभास पाकर सीपीआई माओवादियों ने पीछे हटना शुरू कर दिया लेकिन पुलिस दल पर गोलीबारी करना जारी रखा। अंत में पुलिस के बढ़ते दवाब के कारण उग्रवादियों का दल जंगल और अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। जब मुठभेड़ समाप्त हुई, तब पुलिस दल को क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान, कामेश्वर सिंह के मकान से दक्षिण-पश्चिम दिशा में बंडोलियर के साथ काली वर्दी में एक सीपीआई माओवादी मृत पाया गया। मृतक माओवादी के पास एक .303 राइफल और एक थैला पाया गया। बंडोलियर में 81 राउंड जिंदा कारतूस मिले। थैले में पुरानी नक्सली प्रतियां, अन्य सामान तथा रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली चीजें प्राप्त हुईं। पुलिस दल ने स्वतंत्र गवाहों, विश्राम सिंह पुत्र श्री कामेश्वर सिंह, निवासी लाडी, पुलिस थाना: बरवाडीह और जगनी देवी पत्नी राम अवतार सिंह, निवासी सुरकुमी, पुलिस थाना गारू के समक्ष तलाशी और जब्ती की प्रक्रिया संपन्न की।

गांव लाड़ी, पुलिस थाना: बरवाडीह, जिला: लातेहर में रात्रि के समय पुलिस और माओवादियों के दल के बीच हुई इस भयंकर मुठभेड़ में पुलिस दल के नेतृत्वकर्ता उप पुलिस अधीक्षक अश्विनी कुमार सिन्हा ने जबरदस्त नेतृत्व-क्षमता, समझ और अप्रतिम बहादुरी और साहस का परिचय दिया, जिससे पुलिस कार्मिकों को माओवादियों के विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई करने की प्ररेणा मिली। उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी बरवाडीह उप पुलिस अधीक्षक अश्विनी कुमार सिन्हा, सीपीआई माओवादियों द्वारा निशाना बनाकर की जा रही भारी गोलीबारी का जवाब देने के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए विषम परिस्थितियों के बीच कूद पड़े जिनसे उनकी असाधारण बहादुरी और उत्कृष्ट शौर्य का पता चलता है जिसके कारण उग्रवादियों के नापाक मंसूबे नाकाम हो गए। कांस्टेबल प्रवीण कुमार झा ने भी अनुकरणीय साहसपूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया तथा नक्सलियों से लड़ने में उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी का बखूबी सहयोग दिया। इस मुठभेड़ में निरीक्षक/सामान्य ड्यूटी रूप चन्द भारद्वाज ने नेतृत्वकर्ता को पूर्ण सहयोग दिया तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 134वीं बटालियन के कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी सत्येन्द्र कुमार और कांस्टेबल/सामान्य ड्यूटी अनिल कुमार ने भी बड़ी बहादुरी और साहस से मुकाबला किया। यह मुठभेड़ उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन का उदाहरण है, जो नक्सली गतिविधियों के खात्मे में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस मुठभेड़ से पुलिस का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

इस घटना (मुठभेड़) के संबंध में बरवाडीह पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा-147/148/149/307/353/121, आयुध अधिनियम की धारा 25 (।-ख) क/27, दंड विधि संशोधन अधिनियम की धारा 17, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के तहत दिनांक 27.4.2010 के मामला सं 26/10 के अंतर्गत एक एफआईआर दर्ज की गई है।

बरामदगी: एक .303 राइफल, .303 के 81 राउंड जिंदा कारतूस और अन्य वस्तुओं के साथ पीएलजीए के नक्सल काडर का एक शव।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अश्विनी कुमार सिन्हा, उप प्रभागीय पुलिस अधिकारी एवं प्रवीण कुमार झा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.04.2010 से दिया जाएगा।

अ. राय
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 6-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी के नाम और रैंक

श्री आशीष कुमार चौधरी,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

घाघरा पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी रामदयाल मुंडा और सहायक उप निरीक्षक आशीष कुमार चौधरी के नेतृत्व में सिविल पुलिस बल सहित सुश्री माया रानी, सहायक कमांडेंट की कमान में ई/133 बटालियन की दो टुकड़ियां दिनांक 07.04.2009 को सुबह 7 बजे से पुलिस थाना घाघरा के अंदरुनी क्षेत्रों में क्षेत्र-गश्त की ड्यूटी पर निकली हुई थीं। यह दल कच्चे रास्तों से होकर गांव जिलिंगसेरा और तानबिल टोली की छोटी पहाड़ियों के पास पहुंचा। लगभग 14.45 बजे, जब यह दल पहाड़ियों से गांव जिलिंगसेरा की तरफ आ रहा था, तब उन्होंने नक्सलियों के समूह को आते देखा जो मोटरसाइकिलों पर सवार थे। हेड कांस्टेबल/जीडी के.डी. देव और बल हेड कांस्टेबल/जीडी बिपुल चेतिया, उप निरीक्षक रामदयाल मुंडा और सहायक उप निरीक्षक आशीष कुमार चौधरी, जिला पुलिस के नेतृत्व में दल के जवानों ने उनको चुनौती दी। तुरन्त ही नक्सलियों ने स्वचालित हथियारों से दल पर गोलियां चलानी शुरु कर दीं। हेड कांस्टेबल/जीडी के.डी. देव और बल हेड कांस्टेबल/जीडी बिपुल चेतिया और कांस्टेबल/जीडी रोशन अली और उप निरीक्षक राम दयाल मुंडा और सहायक उप निरीक्षक आशीष कुमार चौधरी, जिला पुलिस, जो दल का नेतृत्व कर रहे थे, ने जबरदस्त रणनीतिक कौशल दिखाते हुए उचित आड़ लेकर जवाबी गोलीबारी की। इस बीच नक्सलियों ने मोटर साइकिलों को छोड़कर टुकड़ियों पर गोलीबारी करते हुए जंगल की तरफ भागना शुरु किया। शीघ्र ही टुकड़ियों तथा उग्रवादियों, जो लगभग 30 की संख्या में थे, के बीच भारी गोलाबरी आरंभ हो गई। घंटे भर चली इस नजदीकी गोलीबारी में टुकड़ियों ने एच.ई. बम और राइफल ग्रेनेड फेंके। इसी बीच सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक गुमला श्री उपेन्द्र सिंह के साथ श्री प्रमोद कुमार उप कमांडेंट (प्रचालन) की कमान में क्यू आर टी/33 घटना-स्थल पर पहुंच गई। मुठभेड़ समाप्त होने पर क्षेत्र की तलाशी ली गई और दो उग्रवादियों के शव मिले जिनकी पहचान बाद में संजय ओरांव, पीएलएफआई गुट का एरिया कमांडर, निवासी हिसिर, पुलिस थाना बिहानपुर, जिला गुमला और बिरसा ओरांव, निवासी पालकोट, पुलिस थाना पालकोट, जिला गुमला के रुप में हुई। एक जीवित उग्रवादी संतोष करकेट्टा, उम्र-14 वर्ष, पुत्र सुखदेव करकेट्टा, निवासी सालगी, पुलिस थाना घाघरा, जिला गुमला को पकड़ा गया और दो हथियार बरामद किए गए। शेष उग्रवादी साथ लगे घने जंगल से आच्छादित नाले के जरिए भाग निकले। तथापि ऐसा अनुमान है माओवादियों कि कुछ और उग्रवादी घायल हुए होंगे। मारे गए तथा गिरफ्तार उग्रवादी पीएलएफआई गुट से थे जिसे पूर्व में जेएलटी के नाम से जाना जाता था। पूरे अभियान में बल हेड कांस्टेबल/जीडी के.डी. देव, हेड कांस्टेबल/जीडी बिपुल चेतिया और कांस्टेबल/जीडी रोशन अली, उप निरीक्षक राम दयाल मुंडा और सहायक उप निरीक्षक आशीष कुमार चौधरी, जिला पुलिस ने अनुकरणीय साहस तथा जबरदस्त प्रतिबद्धता दिखाई, जिन्होंने वास्तविक लड़ाई में गोलियां चलाईं तथा अपनी जान को जोखिम में डालकर फुर्ती से कार्रवाई की जिसके कारण उग्रवादी मार गिराए गए। क्षेत्र की तलाशी के बाद मृत उग्रवादियों के शवों के अतिरिक्त निम्नलिखित सामग्रियां बरामद हुईं:- स्लिंग सहित एक 9 मिमी कारबाइन, एक कारबाइन मैगजीन, एक 9 मिमी पिस्तौल (यूएसए निर्मित), एक 9 मिमी मैगजीन, ग्यारह 9 मिमी जिंदा राउंड, सिम कार्ड सहित तीन मोबाइल सेट (एक रिलायंस और दो नोकिया), एक ओ.जी. हैंड बैग, एक बंडोलियर ओ.जी., नौ सिम कार्ड, एक पीएलएफआई पर्चा, नम्बर प्लेट रहित दो मोटरसाइकिलें (एक बजाज डिस्कवर तथा एक 125 सीसी बजाज), एक पुल थ्रू इन्सास और एक पर्स।

दिनांक 07.04.2009 को अनुवर्ती घटना में पुलिस अधीक्षक गुमला उपेन्द्र सिंह तथा श्री प्रमोद कुमार, उप कमांडेंट (प्रचालन)/133 ने जिलिंगसेरा जंगल की घेराबंदी करने तथा क्षेत्र की तलाशी लेने के लिए एक अभियान की योजना बनाई। अभियान की योजना के अनुसार, सुश्री माया रानी, सहायक कमांडेंट क्यूआरटी/133 तथा प्रमोद कुमार, उप कमांडेंट (प्रचालन) की कमान में ई/133 की दो प्लाटूनें तथा प्रभारी अधिकारी पुलिस थाना घाघरा की कमान में पुलिस थाना घाघरा का सिविल पुलिस बल दिनांक 07.04.2009 को मुठभेड़ स्थल, जिलिंगसेरा जंगल की घेराबंदी और तलाशी के लिए निकला। गांव जिलिंगसेरा के उत्तर में स्थित जंगल में दिनांक 07.04.2009 की मुठभेड़ के स्थल की तलाशी के दौरान एक उग्रवादी का शव पाया गया जिसकी पहचान बाद में सोनू मुंडा उर्फ दया मुंडा, उम्र-19/20 वर्ष, पुत्र स्व. देवगन मुंडा, निवासी सालगी दुरियाटोली, पुलिस थाना घाघरा, जिला गुमला के रुप में हुई जो अपने सहयोगी

विमल लाकरा के साथ दिनांक 07.04.2009 की मुठभेड़ के दौरान भागने में सफल हो गया था। आगे हुई तलाशी में एक बड़े शिलाखंड के पीछे खड़ी एक हीरो होंडा मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस पूरे अभियान में हेड कांस्टेबल/जीडी के.डी. देव, बल हेड कांस्टेबल/जीडी बिपुल चेतिया और बल कांस्टेबल/जीडी रोशन अली, उप निरीक्षक राम दयाल मुंडा और सहायक उप निरीक्षक आशीष कुमार चौधरी, जिला पुलिस ने गजब का साहस दिखाया तथा अपनी जान जोखिम में डालकर फुर्ती से कार्रवाई करते हुए न केवल तीन कुख्यात उग्रवादियों को मार गिराया बल्कि इससे माओवादियों के पीएलएफआई गुट, जो पहले जेएलटी कार्यकर्ताओं के रुप में जाने जाते थे, का मनोबल तोड़ने में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

की गई बरामदगी:- स्लिंग सहित एक 9 मिमी कारबाइन, कारबाइन मैगजीन, एक 9 मिमी पिस्तौल (यूएसए निर्मित), एक 9 मिमी मैगजीन, एक 9 मिमी जिंदा राउंड - ग्यारह, सिम कार्ड सहित मोबाइल सेट आदि।

इस मुठभेड़ में श्री आशीष कुमार चौधरी, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 07.04.2009 से दिया जाएगा।

अ. राय
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 7-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अमित कुमार सिंह,
   कमांडेंट
2. संतोष कुमार सिंह,
   सहायक कमांडेंट
3. पार्था बर्मन,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.12.2012 को लगभग 2300 बजे श्री संतोष कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट को एसओजी पुलवामा से जिला पुलवामा के गांव-चांदगांव में कुछ उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना श्री अमित कुमार सिंह, कमांडेंट, 182 बटालियन, सीआरपीएफ को दी और वे उनके निर्देश पर एफ/182 बटालियन, सीआरपीएफ की दो प्लाटूनों के साथ उस स्थान पर पहुंच गए। श्री अमित कुमार सिंह, कमांडेंट ने भी तत्परता दिखाई और वे अपने त्वरित कार्रवाई दल के साथ उस गांव के लिए रवाना हो गए।

उक्त गांव में पहुंचकर श्री अमित कुमार सिंह ने बेहद युक्तिपूर्वक गांव का जायजा लिया और उन्होंने गोपनीय तरीके से 4-5 संदिग्ध घरों की घेराबंदी का आदेश दिया, ताकि लक्षित घर को चिह्नित किया जा सके। उस गांव की स्थलाकृति काफी खतरनाक है, जहां एक ओर घरों का समूह है तो दूसरी ओर असमतल पहाड़ी भू-भाग है, जिससे सुरक्षा बलों पर गुरिल्ला हमले और सम्पाश्विक क्षति की संभावना का भी दोहरा खतरा था। जब वहां घेराबंदी की जा रही थी, तब श्री अमित कुमार सिंह ने उनमें से एक घर से एक व्यक्ति को चुपके से बाहर निकलने की कोशिश करते हुए देखा। इस बात की परवाह किए बगैर कि उस व्यक्ति से उनकी जान को खतरा हो सकता था, उन्होंने बिना समय गंवाए उसके ऊपर छलांग लगाकर उसे बहादुरीपूर्वक दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम डॉ. बशीर अहमद बताया, जो पेशे से एक दंत चिकित्सक था और उसने अनिच्छापूर्वक यह बताया कि एलईटी के दो जघन्य उग्रवादी उसके घर के भीतर छिपे हुए हैं। श्री अमित कुमार सिंह ने तत्काल लक्षित घर के चारों ओर घेरा डाल दिया और उन्होंने घेराबंदी को मजबूत करने के लिए श्री हेमंत कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट, 182 बटालियन और एसओजी लिट्टर को वहीं बुला लिया। उन्होंने श्री संतोष कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी पार्था बर्मन के साथ मिलकर स्वयं लक्षित घर की चारदीवारी के मुख्य प्रवेश द्वार पर युक्तिपूर्वक पोजीशन ले ली ताकि उग्रवादियों की गतिविधि पर नज़र रखी जा सके और युक्तिपूर्वक तरीके से नियंत्रित एवं प्रभावी गोलीबारी के आदेश

दिए जा सकें। उस समय मौसम की स्थिति खराब होने और लक्षित घर के चारों ओर घना अंधेरा होने के कारण, भोर में हमला शुरू करने का निर्णय लिया गया।

इसी बीच, दिनांक 28.12.2012 को लगभग 0200 बजे मेजर तन्मय रथ की कमान के अधीन 55 आर आर का सैन्य दल भी उस स्थान पर पहुंच गया, जिन्होंने श्री अमित कुमार सिंह, कमांडेंट द्वारा ब्रीफ किए जाने के बाद आस-पास के घरों में अपनी पोजीशन ले ली। लगभग 0215 बजे उग्रवादियों ने, जिन्हें तब तक घेर लिए जाने की जानकारी हो गई थी, एक हथगोला बाहर फेंका जिसके पश्चात उन्होंने अंधेरे की आड़ में वहां से निकल कर भागने का प्रयास करने के लिए चारदीवारी के मुख्य द्वार की ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। लेकिन उस स्थान पर पोजीशन लिए हुए श्री अमित कुमार सिंह, श्री संतोष कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी पार्था बर्मन ने तत्काल उग्रवादियों के ऊपर जवाबी गोलीबारी की। एक हथगोला उपर्युक्त कार्मिकों से बमुश्किल 10 फीट की दूरी पर फटा जिसके टुकड़ों से वे आंशिक रूप से घायल हो गए, फिर भी इससे वे हतोत्साहित नहीं हुए और अपने स्थान पर पर डटे रहे। सैन्य दल की घोर जवाबी कार्रवाई से भागने के अपने प्रयास में असफल होने के बाद उग्रवादियों ने वापस घर के भीतर जाकर स्थानीय बोली में आजादी के पक्ष में नारेबाजी शुरू कर दी और प्रवेश द्वार की ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उस समय अमित कुमार सिंह अगुवाई करते हुए श्री संतोष कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी पार्था बर्मन के साथ रेंगते हुए कुछ दूरी तक आगे पहुंचे और कवर से निकलकर उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर बहादुरीपूर्वक जवाबी गोलीबारी की। दोनों ओर से गोलीबारी लगभग एक घंटे तक चली, जिसके बाद घर के भीतर से गोलीबारी रूक गई। इस घनघोर गोलीबारी के दौरान श्री अमित कुमार सिंह, श्री संतोष कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी पार्था बर्मन ने अपनी निजी सुरक्षा और जान की परवाह न करते हुए उग्रवादियों के आक्रमण का बहादुरीपूर्वक सामना किया और उन्हें सुरक्षा बलों को हताहत करके अथवा वहां से भागने का कोई मौका नहीं दिया। सुबह की पहली किरणों के साथ जब लगभग 0700 बजे सैन्य दल घर के भीतर प्रवेश करके अंतिम धावा बोलने जा रहा था, तभी श्री अमित कुमार ने लक्षित घर से तेजी से बाहर निकलकर उनकी ओर गोलियां बरसाते हुए एक उग्रवादी को देख लिया। श्री अमित कुमार सिंह ने फौरन छलांग लगाते हुए श्री संतोष कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी पार्था बर्मन को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और गोलियां उनके बेहद करीब से निकल गईं और उसके बाद तीनों ने मिलकर उस उग्रवादी के ऊपर गोलियां चलाईं और उसे मार गिराया। दूसरा उग्रवादी, जो घर के भीतर छिपा हुआ था, निरंतर अपने स्थान को बदलते हुए तब भी लगातार सैन्य दल के ऊपर गोलीबारी कर रहा था। श्री अमित कुमार सिंह, श्री संतोष कुमार सिंह और कांस्टेबल/जीडी पार्था बर्मन धावा बोलने वाले दल के साथ रेंगते हुए लक्षित घर के नजदीक पहुंच गए और वहां से उन्होंने सुरक्षा में बाधक किसी भी चीज की परवाह नहीं करते हुए घर के भीतर से हो रही गोलीबारी की दिशा में भयंकर गोलीबारी करते हुए उस उग्रवादी को खत्म कर दिया।

इसके बाद धावा बोलने वाले दल के सदस्यों ने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालते हुए कमरे के भीतर प्रवेश किया और वहां से दो उग्रवादियों के शव और उनके हथियार बरामद किए।

मारे गए उग्रवादियों की पहचान निम्नानुसार की गई:-

i) इम्तियाज अहमद तेली (एलईटी संगठन का एरिया कमांडर, श्रेणी ए+) उम्र लगभग 25 वर्ष, पुत्र-गुलाम रसूल, निवासी-पेट्टीपुरा, जिला-पुलवामा, (जम्मू एवं कश्मीर)।

ii) मोहम्मद अमीर भट्ट (एलईटी संगठन), निवासी-गांव हान्डीव, जिला-शोपियां, (जम्मू एवं कश्मीर)।

श्री अमित कुमार सिंह के समर्थ संरक्षण में इस दिल दहलाने वाले अभियान के परिणामस्वरूप जघन्य एलईडी माड्यूल को विफल और ध्वस्त करने में सफलता मिली।

की गई बरामदगी

i)	ए.के.-47 राइफल	-	02 (01 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त)
ii)	ए.के.-47 मैगजीन	-	03 (02 क्षतिग्रस्त)
iii)	ए.के. राउन्ड	-	37
iv)	पिस्तौल (चीनी निर्मित)	-	01
v)	मैगजीन (चीन निर्मित पिस्तौल)	-	01
vi)	राउन्ड (चीनी निर्मित पिस्तौल)	-	03 (02 मिस्ड राउंड)
vii)	बाड़ी पाउच	-	01
viii)	वेब बेल्ट	-	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अमित कुमार सिंह, कमांडेंट, संतोष कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट और पार्था बर्मन, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.12.2012 से दिया जाएगा।

अ. राय
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 8-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अवध बिहारी, सहायक उप निरीक्षक — (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरांत)
2. सुरेश कुमार, सेकन्ड-इन-कमाण्ड — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. अरूप बरूआ, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. सौरभ छेत्री, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
5. हेम चन्द्र मेधी, कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
6. अवधेश पाल सिंह, हेड कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13.03.2013 को मुस्लिम मुशावरत मजलिस (एमएमएल) द्वारा बंद के लिए किए गए आह्वान के मद्देनजर पुलिस चौकी बेमिना, श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर) के क्षेत्र में तैनाती के लिए 73वीं बटालियन, सीआरपीएफ की एफ कंपनी को चुना गया था। शस्त्रहीन कानून एवं व्यवस्था घटक सहित सैन्य टुकड़ियों को आगे तैनाती के लिए जम्मू एवं कश्मीर पुलिस पब्लिक स्कूल, बेमिना के मैदान में सुरक्षित रखा गया था। उक्त मैदान के कोने में, राजमार्ग पर, 44 बटालियन की एक टुकड़ी ने बेमिना चौक, श्रीनगर में नाका लगाया हुआ था, जिसमें हेड कांस्टेबल/जीडी अवधेश पाल सिंह, कांस्टेबल/जीडी अरूप बरूआ, कांस्टेबल/जीडी हेम चन्द्र मेधी और कांस्टेबल/जीडी सौरभ छेत्री 0700 बजे से 1300 बजे तक ड्यूटी पर थे। लगभग 35-40 बच्चे/नौजवान मैदान में उपस्थित थे और क्रिकेट मैच खेलने के लिए तैयार हो रहे थे। लगभग 10.45 बजे, दो फिदायीन भीड़ का फायदा उठाकर खिलाड़ियों के भेष में मैदान में घुस गए। अपने गलत इरादे को पूरा करने के लिए, उन्होंने क्रिकेट किट बैग में छिपाकर रखे गए अपने हथियार और ग्रेनेड बाहर निकाले और मैदान में इंतजार कर रही टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोली-बारी शुरू कर दी। उक्त कंपनी के शस्त्रहीन कानून एवं व्यवस्था घटक ने नजदीकी आड़ के बगैर स्वयं को असहाय पाया। एएसआई/ जीडी अवध बिहारी ने अपनी सैन्य टुकड़ियों को असहाय और फिदायीनों की तेज गोली-बारी का शिकार होते देखकर, अपनी जान की परवाह किए बगैर जवाबी हमला करने का निश्चय किया। उन्होंने तुरंत चालाकी से शस्त्रहीन टुकड़ियों पर गोली-बारी कर रहे आतंकवादियों के बीच अपनी जगह बना ली और अपनी गोली-बारी से उनका जवाब दिया। उनके निर्भीक और साहसपूर्ण प्रयास ने फिदायीनों को अपनी गोली-बारी एएसआई/जीडी अवध बिहारी की ओर करने के लिए मजबूर कर दिया जिससे घिरी हुई टुकड़ियां आड़ लेने में सक्षम हो गईं। यद्यपि एएसआई/जीडी अवध बिहारी फिदायीनों से साहसपूर्ण लड़े लेकिन हमवतन साथियों की जान बचाने के प्रयास में फिदायीनों की गोलियां उन्हें लग गई और वे शहीद हो गए।

नजदीकी नाका पर खड़ी सैन्य टुकड़ियों ने उन पर जवाबी गोली-बारी की। नाका से गोली-बारी होने पर फिदायीनों ने उस मोर्चे की ओर यूबीजीएल से जवाबी गोली-बारी की जहां से नाका पर तैनात दल गोली-बारी कर रहा था। हेड कांस्टेबल/जीडी अवधेश पाल सिंह, कांस्टेबल/जीडी अरूप बरूआ, कांस्टेबल/जीडी हेम चन्द्र मेधी और कांस्टेबल/जीडी सौरभ छेत्री जो मोर्चे के अन्दर थे, गोलियों और ग्रेनेड की भारी गोली-बारी में घिर गए, जो मोर्चे की दीवारों पर चारों तरफ टकरा रही थी। हेड कांस्टेबल/जीडी अवधेश पाल सिंह ने यह सोचते हुए कि वे मोर्चे में घिर गए हैं और फिदायीनों को जवाब देना और उन्हें निष्प्रभावी करना असंभव है, उन्होंने अपनी सैन्य टुकड़ियों को कई दिशा से हमला करने के लिए बाहर निकलने और विभिन्न स्थानों की ओर रेंग कर जाने का आदेश दिया। शीघ्र ही चारों निडर सैनिक

मैदान में चारों ओर गोलियां चलाते हुए मोर्चे से बाहर आ गए और फिर से समन्वित हमला करने के लिए अलग-अलग स्थानों पर पोजीशन लेने के लिए एक नाले पर चलकर आगे बढ़े। गोलियों की बौछर के बीच कुछ दूरी तक रेंग कर चलने के पश्चात, चारो ने समन्वित जवाबी गोली-बारी शुरू कर दी और एक फिदायीन को निष्प्रभावी कर दिया। अपने साथी का अंजाम देखकर, दूसरा फिदायीन पीछे हट गया और स्कूल के हॉस्टल के भवन की ओर जाने लगा। इसी बीच, बंदूक चलने और ग्रेनेड के विस्फोट की आवाज सुनकर, श्री सुरेश कुमार सेकन्ड-इन-कमाण्ड, 73 वीं बटालियन, अपने अनुरक्षक के साथ उस जगह पर पहुंचे। उसने तुरंत स्थिति को भांप लिया और अपने बुलेटप्रूफ वाहन में दूसरे फिदायीन की ओर बढ़े। फिदायीन ने गोली-बारी की और उनके वाहन पर ग्रेनेड फेंके जिससे उनके वाहन का टायर पंचर हो गया लेकिन इसकी परवाह किए बगैर श्री सुरेश कुमार सेकन्ड-इन-कमाण्ड पंचर वाहन पर आगे बढ़ते रहे और फिदायीन को व्यस्त रखा। उस समय पर, उनके दिमाग में एक मात्र बात हॉस्टल में फिदायीन की गतिविधि को रोकना था क्योंकि इससे आम लोग मारे जाते अथवा उनके बन्धक बनाए जाने जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती। इस प्रकार पीछा करने में, वह फिदायीन और नाका सैन्य टुकड़ियों की पारस्परिक गोली-बारी के बीच भी आ गए लेकिन वह भी उन्हें नहीं रोक पाई। भारी गोली-बारी के बावजूद, उन्होंने फिदायीन को उलझाए रखा और भयंकर करीबी गोली-बारी के पश्चात उसे निष्प्रभावी कर दिया।

समन्वित रूप से उलझाए जाने तथा श्री सुरेश कुमार, सेकन्ड-इन-कमाण्ड की गहन देख-रेख में सुरक्षा बलों द्वारा सटीक गोलीबारी के कारण, दोनों फिदायीनों को निष्प्रभावी कर दिया गया। गंभीर खतरे का सामना करने में, सीआरपीएफ कार्मिकों ने अपना संयम बनाए रखा और हड़बड़ी में गोली-बारी का सहारा नहीं लिया जिससे सम्पार्श्विक क्षति नहीं हुई। श्री सुरेश कुमार, सेकन्ड-इन-कमाण्ड, 73 बटालियन के एएसआई/जीडी श्री अवध बिहारी, हेड कांस्टेबल/जीडी अवधेश पाल सिंह, कांस्टेबल/जीडी अरूप बरूआ, कांस्टेबल/जीडी हेम चन्द्र मेधी और 44 बटालियन के कांस्टेबल/जीडी सौरभ छेत्री की निर्भीक, साहसिक तथा वीरतापूर्ण कार्रवाई के कारण पाकिस्तान के फिदायीन नामत: हैदर और सैफ को निष्प्रभावी किया जा सका और हमारी सैन्य टुकड़ियों के अलावा स्कूली बच्चों, अध्यापकों तथा कई अन्य लोगों का बहुमूल्य जीवन बचाया जा सका। संपूर्ण अभियान में 15-20 मिनट लगे, जो इस प्रकार के फिदायीन हमलों के इतिहास में सीआरपीएफ के लिए एक बड़ी सफलता है।

की गई बरामदगी:

i)	ए.के. 47	-	02
ii)	ए.के. मैगजीन	-	05
iii)	ए.के. पाउच	-	02
iv)	यू बी जी एल	-	01
v)	एच ई. 36 ग्रेनेड	-	04
vi)	यू बी जी एल ग्रेनेड	-	03
vii)	ग्रेनेड पाउच	-	02
viii)	पिस्तौल	-	02
ix)	पिस्तौल मैगजीन	-	02
x)	पिस्तौल राउण्ड	-	02
xi)	ए.के. 47 राउण्ड	-	60
xii)	पर्स	-	6300/- रु. की नकदी

इस मुठभेड में सर्व/श्री (स्व.) अवध बिहारी, सहायक उप निरीक्षक, सुरेश कुमार, सेकन्ड-इन-कमाण्ड, अरूप बरूआ, कांस्टेबल, सौरभ छेत्री, कांस्टेबल, हेम चन्द्र मेधी, कांस्टेबल एवं अवधेश पाल सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.03.2013 से दिया जाएगा।

अ. राय
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 9-प्रेज/2017—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रूप चन्द
निरीक्षक

2. सत्येन्द्र सिंह
कांस्टेबल

3. अनिल कुमार
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

